[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-03/5125 2080 विक्रमी दिनांक-19/07/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

ऊँ सर्वेषां स्वस्तिर्भवतु सर्वेषां शान्तिर्भवतु।
सर्वेषां पूर्णंभवतु मंगलं भवतु लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु।
ऊँ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

भावार्थ– सबका भला हो। सबको शांति मिले। सभी को पूर्णता प्राप्त हो। सबका मंगल हो। सारे लोग सुखी हों।

ग्रीष्म ऋतु का गमन और वर्षा ऋतु का सुखद आगमन सावन की हरियाली और वर्षा की फुहार सबके मन को प्रफुल्लित कर रहा है। आशा है आप सब सपरिवार स्वस्थ कुशल एवं प्रसन्न होंगे तथा विकास पथ पर तीव्र गति से पूर्ण संकल्पित रूप से अग्रसर होंगे।

अतएव हमारी गति बनी रहे, एतदर्थ कुछ करणीय कार्य आप सबके निमित्त प्रेषित है–

## विषयानुक्रम

### संपन्न कार्यक्रम

1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
2. प्रांतीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता
3. A एवं B श्रेणी के प्रधानाचार्यों की बैठक
4. क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता
5. विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन
6. अखिल भारतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग

### आगामी कार्यक्रम

1. प्रांतीय वैदिक गणित प्रशिक्षण वर्ग
2. SESQ कार्यशाला
3. प्रांतीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग
4. क्षेत्रीय +2स्तरीय अंग्रेजी विषयक प्रशिक्षण वर्ग
5. प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग
6. अखिल भारतीय अधिकारी का प्रवास
7. विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता
8. प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला
9. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव
10. क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता
11. National Students Paryavaran Competition
12. प्रांतीय खेलकूद समारोह (शिशु वर्ग)

### अन्यान्य

1. साप्ताहिक मूल्यांकन
2. पूर्व छात्र पंजीयन
3. विद्या भारती एवं संघ परिचय
4. ई–पत्रिका लोक संवाद–द्विमासिक

## संपन्न कार्यक्रम

1. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :** 21 जून 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर सभी विद्यालयों में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संख्या विभाग के अनुसार इस प्रकार है–

पूर्णिया विभाग–4262; कोसी विभाग–2567; बेगूसराय विभाग–3866;

दरभंगा विभाग–3092; सीतामढ़ी विभाग–2208; मुजफ्फरपुर विभाग–5485; सीवान विभाग–6977 चम्पारण विभाग–4083 कुल संख्या–32540 रही।

2. **प्रांतीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता :** कबड्डी एवं खो–खो की यह प्रतियोगिता दिनांक 24 से 26 जून–2023 तक सरस्वती विद्या मंदिर, बाघमारा, पूर्णिया में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता की संख्यात्मक वृत्त इस प्रकार से है– भैया–बहन–644, संरक्षक आचार्य– 49, निर्णायक–25, प्रांतीय अधिकारी–04, पूर्णकालिक–07, व्यवस्थापक–45; कुल मिलाकर 744 की सहभागिता रही।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल टीम– बाल वर्ग – खो–खो– | बहन–05 | | बाल वर्ग –कबड्डी– | बहन–05 | |
| | भैया– 06 | | | भैया– 15 | |
| कुल– | | 11 | कुल– | | 20 |
| कुल टीम– किशोर वर्ग– खो–खो– | बहन–07 | | किशोर वर्ग–कबड्डी– | बहन–03 | |
| | भैया–07 | | | भैया– 14 | |
| कुल– | | 14 | कुल– | | 17 |

3. **A एवं B श्रेणी के प्रधानाचार्यों की बैठक :** दिनांक–29 जून, 2023 को श्रेणी A एवं B विद्यालय के प्रधानाचार्यों की एक दिवसीय बैठक भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में संपन्न हुई। जिसमें श्रेणी A एवं B विद्यालय के सभी प्रधानाचार्यों की शत–प्रतिशत उपस्थिति रही।

4. **क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियोगिता :** बाल एवं किशोर वर्ग की यह प्रतियोगिता दिनांक 01 एवं 02 जुलाई–2023 को सरस्वती विद्या मंदिर, कोशी कॉलोनी, फारबिसगंज में संपन्न हुई। जिसमें उत्तर बिहार के कुल 10 टीमों से 120 भैया–बहनों की सहभागिता रही।

5. **विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन :** पाँच विभागों के विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन दिनांक 09 से 12 जुलाई, 2023 तक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का संख्यात्मक वृत्त इस प्रकार है–

सीवान विभाग– क्षेत्रीय अधिकारी–01; समिति सदस्य–62; प्रधानाचार्य–23; प्रांतीय कार्यकर्ता–03 तथा अन्य कार्यकर्ता–14 (कुल 109 की उपस्थिति रही)

कोसी विभाग– क्षेत्रीय अधिकारी–01; समिति सदस्य–47; प्रधानाचार्य–16; प्रांतीय कार्यकर्ता–02 (कुल 65 की उपस्थिति रही)

बेगूसराय विभाग– क्षेत्रीय अधिकारी–02; समिति सदस्य–47; प्रधानाचार्य–21; प्रांतीय कार्यकर्ता–03 (कुल 73 की उपस्थिति रही)

दरभंगा विभाग– क्षेत्रीय अधिकारी–01; समिति सदस्य–39; प्रधानाचार्य–16; प्रांतीय कार्यकर्ता–03 (कुल 59 की उपस्थिति रही)

सीतामढ़ी विभाग– क्षेत्रीय अधिकारी–01; समिति सदस्य–50; प्रधानाचार्य–21; प्रांतीय कार्यकर्ता–03 मातृ संगठन से–02 (कुल 77 की उपस्थिति रही)

**शेष तीन विभागों के समिति सदस्य सम्मेलन की सूचना बाद में दी जाएगी।**

6. **अखिल भारतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग :** दिनांक 19 से 28 जुलाई, 2023 तक अखिल भारतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय चरण का आयोजन समर्थ भारत केन्द्र' श्री सरस्वती शिशु मंदिर, परिसर–बोर्ड परती, केशव नगर, गुरुकुल मार्ग, इफको कॉलोनी के सामने, गाँधी धाम, जिला–कच्छ, गुजरात–370203 में आयोजित है। इसमें अपने प्रांत से चयनित 14 प्रतिभागी सम्मिलित हुए हैं।

## आगामी कार्यक्रम

1. **प्रांतीय वैदिक गणित प्रशिक्षण वर्ग :** दिनांक 22 से 26 जुलाई, 2023 तक शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। शुल्क–रुपये 1250/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। इस प्रशिक्षण वर्ग में सभी विद्यालयों के वैदिक गणित आचार्य अपेक्षित हैं। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस दोपहर भोजनोपरांत अवकाश हो सकेगा।
2. **SESQ कार्यशाला :** पूर्व निर्धारित 22 जुलाई से 28 जुलाई, 2023 तक होने वाली प्रांत स्तरीय SESQ कार्यशाला का पुनः तिथि में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित तिथि के अनुसार अब यह 20 अगस्त की संध्या से 27 अगस्त, 2023 की संध्या तक शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी में आयोजित है। इस कार्यशाला में प्रत्येक विभाग से चयनित आचार्य एवं प्रधानाचार्य अपेक्षित हैं। शुल्क रुपये 1750/– प्रति प्रतिभागी है। इस संबंध में प्रतिभागियों को अलग से पत्र प्रेषित किया जा चुका है।
3. **प्रांतीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग :** दिनांक 02 से 08 अगस्त, 2023 तक यह प्रतियोगिता आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। इस हेतु व्यवस्था शुल्क– रुपये 1750/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रत्येक विद्यालय के संस्कृत विषयक आचार्य बंधु–भगिनी की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन तथा अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश होगा।
4. **क्षेत्रीय +2 स्तरीय अंग्रेजी विषयक कार्यशाला :** यह कार्यशाला दिनांक–03 से 05 अगस्त, 2023 तक महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान में आयोजित है। इस हेतु व्यवस्था शुल्क–रुपये 750/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। इस कार्यशाला में +2 स्तरीय अंग्रेजी विषयक आचार्य–बंधु–भगिनी की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन तथा अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश होगा।
5. **प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग :** प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग वार्षिक कार्यनिर्देशिका में दिनांक 24 से 28 अगस्त, 2023 तक निर्धारित है। किन्तु अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है। संशोधित तिथि पुनः प्रेषित की जाएगी।
6. **अखिल भारतीय अधिकारी का प्रवास :** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मा. महामंत्री, श्री अवनीश भटनागर जी का पाँच दिवसीय प्रवास दिनांक–08 से 12 अगस्त, 2023 तक महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान में होना सुनिश्चित है। इसके निमित्त संपूर्ण कार्यक्रम विवरण इस पत्रक के साथ संलग्न है।
7. **विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता वार्षिक कार्यनिर्देशिका में दिनांक–05 सितंबर, 2023 को निर्धारित है, किंतु अपरिहार्य कारणवश अब यह प्रतियोगिता चार दिन पूर्व अर्थात् दिनांक–01 सितंबर, 2023 को आयोजित होगी। शेष सूचनाएँ पूर्ववत् हैं।
8. **प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला :** वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला दिनांक–03 से 05 नवंबर, 2023 को होना सुनिश्चित है, किंतु अपरिहार्य कारणवश अब यह कार्यक्रम संशोधित तिथि के अनुसार दिनांक–03 से 05 सितंबर, 2023 को पूर्व निर्धारित स्थान एवं पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार होगी। इसके निमित्त तैयारी अपेक्षित है।

**9. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव :** यह प्रतियोगिता वार्षिक कार्यनिर्देशिका में दिनांक–07 एवं 08 अक्टूबर, 2023 को निर्धारित है, किंतु अपरिहार्य कारणों से अब यह प्रतियोगिता दिनांक–08 एवं 09 सितंबर, 2023 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा में आयोजित होगी। इस हेतु व्यवस्था शुल्क–रुपये 500+100=600/– प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन तथा अंतिम दिवस भोजनोपरांत अवकाश होगा।

**10. क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता :** दिनांक–11 से 13 अक्टूबर, 2023 को होने वाली क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणों से नवीन संशोधित तिथि–17 से 19 अक्टूबर, 2023 को पूर्व निर्धारित स्थान पर होगी। शेष सूचनाएँ पूर्ववत् हैं।

**11. National Students Paryavaran Competition (NSPC) :** भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा 01 से 31 जुलाई–2023 के मध्य 'राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता' आयोजित है। अतः इसके निमित्त विद्यालय स्तर पर अधिकाधिक पंजीयन हो, ऐसी अपेक्षा है। अपने–अपने भैया–बहनों को इसके बारे में जागृत कर प्रतिभागी बनावें।

**12. प्रांतीय खेलकूद समारोह (शिशु वर्ग) :** पूर्व से यह दिनांक 29, 30 सितंबर एवं 01 अक्टूबर–2023 तक निर्धारित है, परंतु अपरिहार्य कारणों से अब यह खेलकूद समारोह दिसंबर, 2023 के द्वितीय सप्ताह में निर्धारित की गई है, तिथि की सूचना बाद में प्रेषित की जाएगी। स्थान– सरस्वती शिशु मंदिर, हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण है। शुल्क रुपये 750+100=800/– प्रति प्रतिभागी है।

## अन्यान्य

**1. साप्ताहिक मूल्यांकन :** विद्यालय का शैक्षिक पक्ष ही हमारे कार्य का आधार है, इसलिए योजनापूर्वक विद्यालय स्तर पर कक्षाशः, विषयशः, साप्ताहिक मूल्यांकन परीक्षा अनिवार्य रूप से हो ताकि आचार्य/प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन हो सके।

**2. पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्र हमारी संपत्ति है। इनका संरक्षण आवश्यक है। इस हेतु पूर्व छात्रों का पंजीयन नियमित रूप से पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी में इनकी जानकारी अंकित करते रहें। vidyabhartialumini.org/alumini/registar

**3. विद्या भारती एवं संघ परिचय :** विद्यालय स्तर पर 'विद्या भारती एवं संघ परिचय' से संबंधित कार्यक्रम वर्ष में दो बार आयोजित करें। यह कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होता रहे, ऐसी अपेक्षा है।

**4. ई–पत्रिका लोक संवाद–द्विमासिक–** ई–पत्रिका का शुभारम्भ श्री कृष्ण चन्द्र गाँधी मिडिया सेंटर, सीवान के द्वारा हो चुका है। आपसे आग्रह है कि अपने कार्यक्रम के आयोजन का फोटो अपलोड करें। अपलोड मैटर के ठीक नीचे कैप्सन (Caption) में ही कार्यक्रम का पूर्ण विवरण टाइप करें।

**यह पत्रक ई–मेल के माध्यम से भेजी जा रही है। प्रधानाचार्य जी इस पत्रक को कृपया अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा अपने आचार्य बंधु–भगिनी को भी अवलोकन कराकर इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

**(मुकेश नंदन)**
**प्रदेश सचिव**

# श्री अवनीश भटनागर जी का प्रवास विवरण

मान्यवर / मान्या,

सादर वन्दे!

हम सब के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि **'विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान'** के **मा.महामंत्री श्री अवनीश भटनागर जी** का पाँच दिवसीय प्रवास 'लोक शिक्षा समिति, बिहार' को प्राप्त हुआ है।

मा. महामंत्री जी का प्रवास स्थल सीवान विभाग के महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान में निर्धारित है। इस प्रवास में विभिन्न प्रकार की बैठकें, अवलोकन एवं विभिन्न विषयों पर चिंतन–मनन होना है। अतः इसमें निर्धारित कार्यकर्ताओं की सहभागिता एवं सहयोग अपेक्षित है। यह प्रवास कार्यक्रम दिनांक 08 से 12 अगस्त, 2023 तक चलेगा।

## कार्यक्रम विवरण निम्न प्रकार से है–

1. 08 अगस्त, 2023– – सभी जिला केन्द्रों के प्रधानाचार्य एवं न्यूनतम तीन सक्रिय सदस्यों के साथ बैठक।
   – जिला टोली सदस्यों के साथ बैठक
   – SESQ विद्या भारती मानक परिषद् के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक
2. 09 अगस्त, 2023– –प्रांतीय विषय प्रमुख एवं सह प्रमुखों के साथ बैठक।
   –सीवान विभाग के स्वावलंबी पूर्व छात्रों के साथ बैठक।
3. 10 अगस्त, 2023– –महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान का अवलोकन।
   –महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर, मखदूमसराय के शिशु वाटिका का अवलोकन।
   –सरस्वती संस्कार केन्द्र का अवलोकन
   –कृष्णचन्द्र गाँधी मीडिया सेंटर (प्रचार–प्रसार केन्द्र) का अवलोकन।
4. 11 अगस्त, 2023– –सीवान विभाग के सभी विद्यालयों के समिति सदस्यों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक।
5. 12 अगस्त, 2023– –लोक शिक्षा समिति, बिहार के प्रांतीय समिति सदस्य के साथ बैठक। पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 05 बजे तक। प्रदेश कार्यालय, मुजफ्फरपुर।

**द्रष्टव्य :**

1. दिनांक 12 अगस्त, 2023 को छोड़कर शेष सभी कार्यक्रम सीवान में ही संपन्न होंगे।
2. निर्धारित प्रतिभागियों को अपने–अपने निर्धारित तिथि को उपस्थित होना प्रार्थनीय है।
3. विषय प्रमुख एवं सह प्रमुख अपने विषय की पूरी तैयारी के साथ तथा PPT बनाकर भी लाएँ।
4. जिला केन्द्र के प्रधानाचार्य त्रि–वर्षीय या पंच–वर्षीय विकास योजना बनाकर लाएँ।

*शेष शुभ!*

**(मुकेश नंदन)**
**प्रदेश सचिव**